# ग्राम पंचायत झियोल, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176001 के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत झियोल, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधान:–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनजीत सिंह | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री शशि भूषण | 01.04.2023 से 13.06.2023 |
| 2 | श्री तरलोक चन्द | 14.06.2023 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सतीश कुमार | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री साहिव सिंह | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत झियोल के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 1.17 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 31.28 |
| 3 | 6.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 2.25 |
| 4 | 6.3 | दुकानों के किराये की बकाया की वसूली शेष होना | 0.10 |
| 5 | 7.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारे | 0.04 |
| 6 | 8.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 1.52 |
| 7 | 8.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 4.61 |
| 8 | 8.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 4.08 |
| 9 | 9.1 | पौधारोपण हेतु खरीदे गए विभिन्न पौधो के लिये अनुमोदित दर की तुलना में अधिक दर से भुगतान करना | 1.25 |
| 10 | 10 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 5.72 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत झियोल का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तथा 01/04/2022 से 31/03/2023 के लिये किया गया था, जिसके शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है।

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 12 | अनिर्णीत | — |
| 2. | 13 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 14 | अनिर्णीत | — |

(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क मांग/प्राप्ति रजिस्टर के पेज 268 पर दर्ज प्रविष्टि की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4,4.1 | निर्णीत | वित्तीय स्थिति |
| 3. | 4.2 | अनिर्णीत | |
| 4. | 4.3 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 5 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 6 | 6(क)(ख)(ग) | अनिर्णीत | — |
| 7 | 7(क) | अनिर्णीत | — |
| 8 | 7(ख) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 9 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 12(क) | निर्णीत | पैरे में शामिल राशि ₹2340 दिनांक 01.08.23 को खाता संख्या "20121009745" में जमा करवा दी गई है। |
| 14 | 12(ख) | निर्णीत | पैरे में शामिल राशि ₹3528 दिनांक 01.08.23 को खाता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | संख्या "20121009745" में जमा करवा दी गई है। |
| 15 | 12(ग) | अनिर्णीत | — |
| 16 | 13 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 17 | 14 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 18 | 15 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |

## भाग—दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत झियोल के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2023—24 | 10/2023 | 03/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

### 3. अंकेक्षण शुल्कः—

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/546 दिनांक—13.11.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि कांगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक मसरेड के मल्टीसिटी चैक संख्या 101284 दिनांक 27.11.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

## 4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/527 दिनांकः—07.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

**1.स्वः—स्त्रोतः—**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023-24 | 385886.81 | 63409.00 | 449295.81 | 109419.00 | 339876.81 |

**2.अनुदानः—**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023-24 | 2085477.35 | 8116776.58 | 10202253.93 | 7073985.58 | 3128268.35 |

**कुल योग** (1+2) 339876.81+3128268.35=**3468145.16**

### (ख). बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹3468145.16 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** के अनुसार अन्तशेष ₹3350945.16 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | बैंक खातों की विवरणीः— | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित | का•के•सह•बैंक मसरेड | 20121009745 | 653836.81 |
| 2 | एस.डी.पी/एस.डी. | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816466 | 612517 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | आर.एफ / एम.पी.लेड | | | |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816524 | 29153 |
| 4 | एम.एम.जी.पी. वाई / आर.जी.एस.ए | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816411 | 134045 |
| 5 | एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816535 | 265354 |
| 6 | आर.ए.वाई / आई.ए. वाई | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816546 | 1375 |
| 7 | 14वाँ वित्त, | का•के•सह•बैंक मसरेड | 50055816579 | 90 |
| 8 | 15वाँवित्त / पी.एस / जेड.पी | का•के•सह•बैंक मसरेड | 5007200113 | 1654044.35 |
| | हस्तगत शेष | | | 530 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹3350945.16 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹3468145.16 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹3350945.16 |
| अन्तरः– | | | | 117200 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

4 **(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹1.17 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत झियोल द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1,17,200/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 534 दिनांकः–08.11.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व

अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

## (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत झियोल के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे। अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, 5वां वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 12121009745 खोला गया था तथा एस.डी.पी, एस.डी.आर.एफ, एम.पी.लेड आदि शीर्षो के लिये संयुक्त खाता संख्या 50055816466 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है एवं नियमो के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/545 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि स्कीम वाईज खातो का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही बैंक खातो का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ड.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरो से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं0 मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | शून्य/ 05.03.2024 | मस्ट्रोल सं0–4799,4800 | निर्माण सुरक्षा दीवार दुर्गा दास की जमीन से लेकर कुलदीप की जमीन की ओर सरूहली वार्ड–4 | 28448 |
| 2 | मनरेगा | शून्य/ 05.03.2024,18.03.2024 | मस्ट्रोल सं0–4977,4978, 5118,5119 | निर्माण कुल्ह व डंगा नौड खडड से राजेश की जमीन की ओर वार्ड–1 | 52360 |
| 3 | मनरेगा | शून्य/ 05.03.2024 | मस्ट्रोल सं0–4802,4803, 4804 | निर्माण कुल्ह कृष्ण चन्द की जमीन से लेकर खडड तक वार्ड–5 | 48384 |
| 4 | मनरेगा | शून्य/ 05.03.2024, 18.03.2024 | मस्ट्रोल सं– 4810,4811,5122, 5123 | नवीनीकरण कुल्ह मैन डंगे से नीचे की ओर वार्ड–3 | 73920 |
| 5 | मनरेगा | शून्य/ 05.03.2024, 18.03.2024 | मस्ट्रोल सं.– 4807,4808,5126, 5127 | निर्माण चैक डैम/कूल्ह सरूहली खडड नजदीक कान्ता देवी की जमीन वार्ड–3 | 59940 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानो से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है। उक्त अनियमितता से संबंधित आपति को गत अंकेक्षण में भी विभाग द्वारा उठाया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गयी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/545 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त सत्यापन हेतु अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹31.28 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यंय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/527 दिनांकः–07.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹3128268.35/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | तीसरा/5वॉं वित्त | 31.03.2024 | 314490.00 |
| 2 | एस.डी.आर.एफ | 31.03.2024 | 381802.00 |
| 3 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2024 | 29153.00 |
| 4 | एम.एम.ए.जी.वाई | 31.03.2024 | 134045.00 |
| 5 | एस.बी.एम | 31.03.2024 | 265354.00 |
| 6 | आर.ए.वाई/आई.ए.वाई | 31.03.2024 | 1375.00 |
| 7 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 330931.00 |
| 8 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 16984.00 |
| 9 | जेड.पी | 31.03.2024 | -97609.00 |
| 10 | 14वॉं वित्त | 31.03.2024 | 90.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1751653.35 |
| | | **कुल जोड** | **3128268.35** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है। ऐसा न होने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/536 दिनांक–11.11.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**5.2 जेड.पी अनुदान के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से राशि ₹0.97/– लाख का अधिक व्यय करनाः–**

अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट 2** के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक निम्न तालिका में दर्शाए शीर्ष जेड.पी के अंतर्गत प्राप्त अनुदान की अपेक्षा ₹97609 का अधिक व्यय किया गया दर्शाया गया था,जोकि एक वितीय अनियमितता हैः–

| **क्र0सं0** | **अनुदान** | **अधिक व्यय** |
|---|---|---|
| 1. | जेड.पी | 97609 |

अतः उपरोक्त अनुदान के अंतर्गत किये गये अधिक व्यय बारे पूर्ण तथ्यो सहित औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹2.25 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/527 दिनांकः—07.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹2,25,390/–** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी, क्योंकि अवधि 2023–24 के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी राशि की प्राप्ति नहीं गई थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/537 दिनांकः—11.11.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—08 दिनांकः—13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली वर्तमान समय से की जा रही है तथा कुल वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा सम्पति कर मांग व संग्रह रजिस्टर का संधारण भी कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

## 6.2 स्वःस्त्रोत से प्राप्त आय ₹146/- को बैंक में जमा न करवानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को संबंधित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है। ग्राम पंचायत झियोल की रसीद बुको के अंकेक्षण पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार ₹ 146 ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में कम जमा करवाये गये थे।

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | रोकड बही पृष्ठ संख्या | प्राप्त आय | बैंक में जमा | कम जमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0074379 | 40 | 346 | 200 | 146 |

जिससे कि पंचायत स्वःस्त्रोत की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त राशि को बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/545 दिनांकः 13.11.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत झियोल के ध्यानार्थ लाया गया। जिसकी वसूली रसीद संख्या 0074948 द्वारा करने उपरान्त सभा निधि खाता संख्या 20121009745 में दिनांक 18.11.2024 को जमा करवा दिया गया है। जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः यह सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृति न हो ।

**दुकानों के किराये से आयः—**

**6.3 दुकानों के किराये की बकाया ₹0.10 लाख का वसूली हेतु शेष होनाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2024/533 दिनांकः—08.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक दुकानों के किराये की राशि ₹10000/— की राशि वसूली हेतु शेष थी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था। जिसके अभाव में दिनांक 31.03.2024 को दुकान किराया वसूली हेतु शेष की सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि नहीं की जा सकी। ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित वसूली हेतु गम्भीर नहीं है। यदि पंचायत राजस्व बकाया इसी तरह बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो सकता है।

अतः बकाया पंचायत राजस्व की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार कारगर कदम उठाया जायें एवं तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

**6.4 दुकानो के किरायेदारों के साथ किराया अनुबन्ध न करनाः—**

ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरो/भवनों को किराये पर देने हेतु निदेशक एवं विशेष सचिव पंचायती राज विभाग हि0प्र0 के कार्यालय आदेश संख्या पी.सी.ए—व—एच—सी(7)10/30 दिनांक

17.09.2008 तथा 26.08.2022 के अंतर्गत जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जानी अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा पंचायतों के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने सम्बन्धी जारी उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित नहीं की गई थी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां /2024/533 दिनांकः–08.11.2024 के प्रत्युत्तर में, पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 08 दिनाँक 13.11.2024 द्वारा अंकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पंचायत द्वारा संचालित दो दुकानों को किराये पर देते समय किरायेदारों के साथ अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितताओं बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/538 दिनांकः 12.11.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 08 दिनाँक 13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि बकाया दुकान किराया की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा मांग व संग्रह रजिस्टर का संधारण भी कर लिया जाएगा तथा अनुबधं करने बारे कार्यवाही अमल में लाई जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है पंचायत हितों को सुरक्षित करने के लिये समय–समय पर जारी आदेशो–निर्देशों अनुसार अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके किरायेदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में दिक्कत न आये कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 7.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹600/- का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-I/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद व 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

विवाह पंजीकरण शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण व निम्न विवरणानुसार 03 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200/400 की दर से कम राशि वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरो के अनुसार ₹600 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे।

| क्र0सं0 | नाम | विवाह की तिथि | पंजीकरण की तिथि | रसीद संख्या | वसूली योग्य राशि | वसूली गई राशि | वसूली हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अभिमन्यू वालिया | 20.10.23 | 08.01.24 | 0074384 | 400 | 200 | 200 |
| 2 | अर्जुन कुमार | 22.11.23 | 09.02.24 | 0074386 | 400 | 200 | 200 |
| 3 | श्री प्रणव | 20.01.24 | 23.02.24 | 0074387 | 400 | 200 | 200 |
| | | | | कुल | **1200** | **600** | **600** |

कम वसूली गई उक्त राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/537 दिनांकः–11.11.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत झियोल के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्या 0074949 द्वारा करने उपरान्त सभा निधि खाता संख्या 20121009745 में दिनांक 18.11.2024 को जमा करवा दिया गया है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः उक्त प्राप्त की गई विवाह पंजीकरण शुल्क राशि को सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए

### 7.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.04 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/527 दिनांकः–07.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत झियोल द्वारा वर्ष 2023–24 के दौरान ₹3600 की राशि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था:–

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | 3600 |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/537 दिनांकः–11.11.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत झियोल के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.52 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत झियोल के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार ₹152042/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/542 दिनांकः–12.11.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुतस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹4.61 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत झियोल के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–"7"** पर संकलित राशि ₹4,61,494/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/541 दिनांकः–12.11.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि स्टॉक प्रविष्टियों को स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी एवं उचित इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 8.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹4.08 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/528 दिनांकः–07.11.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "8"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹407898.8/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है, जिससे स्पष्ट है कि अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/543 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया, उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया। बर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**नोटः–उपरोक्त व्यय अंकेक्षण अवधि 2023–24 के दौरान समस्त क्रय की गई खनन सामग्री से संबंधित है। अंकेक्षण केवल चयनित माह 03/2024 वाउचरो का ही किया गया।**

## 9.1 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत पौधारोपण हेतु क्रय पौधो का हि0प्र0 बागबानी विभाग की वर्ष 2023–24 की विभिन्न पौधो की अनुमोदित दर की तुलना में अधिक दर से क्रय के फलस्वरूप ₹1.25 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का

जिम्मेवार होगा व हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 44 के अनुसार किसी भी प्रकार का व्यय करते समय ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण रूप से मितव्ययता बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त निदेशक बागवानी विभाग शिमला के पत्र संख्या HDP-NMS(Sale Rate -57)/2021 Vol II दिनांक 01.06.2024 द्वारा अवधि 2023–24 के विभिन्न पौधो की दरे अनुमोदित की गई है तथा निदेशक मनरेगा (RDD) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.SMS-1/2022-23/RDD-BA-plantation-6165-6200 दिनांक 14.07.2024 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पौधारोपण सामग्री की खरीद बागवानी विभाग की नर्सरियो/पंजीकृत नर्सरियो से उप–निदेशक बागवानी विभाग/स्थायी बागवानी अधिकारी की सिफारिशो के उपरान्त ही की जाएगी।

चयनित मास 03/2024 के व्यय वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पौधारोपण के लिये विभिन्न पौधे खरीदने हेतु हि0प्र0 बागवानी विभाग की वर्ष 2023–24 की निर्धारित दरो से पौधे क्रय न करके व अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके क्रय किये गए। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट ''9''** के अनुसार ₹124345/– का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया था। जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है।

उक्त अनियमितता के दृष्टिगत किये गए व्यय को नियमानुसार न्यायोचित ठहराने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/544 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा अवगत करवाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि 2023–24 में मनरेगा के अंतर्गत पौधारोपण हेतु पौधो का क्रय हि0प्र0 बागवानी विभाग से न करके खुले बाजार से किया गया। उक्त ममाले की छानबीन करके उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अनियमित किये गए भुगतान की वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित किया जाये तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर यथास्थिति कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई पौधरोपण सामग्री हेतु की गई अधिक/अनियमित भुगतान की राशि की भी संस्था/विभागीय स्तर पर नियमानुसार समुचित गणना कर उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9.2 अग्रिम भुगतान राशि ₹360/- का समायोजन हेतु शेष पाया जानाः-

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म-9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किये गए अग्रिमों का वितीय वर्ष के अन्त में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹360/- का अग्रिम प्रदान किया गया था, लेकिन 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था व उसके समायोजन से संबंधित अभिलेख को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गयाः-

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/ दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | निल/01.03. 2024/104423 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन चैतड़ू | सीमेंट बैग | – | – | 200 |
| 2 | मनरेगा | निल/01.03. 2024/104422 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन चैतड़ू | सीमेंट बैग | – | – | 160 |
| | | | | | | कुल जोड | 360 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/539 दिनांकः-12.11.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः-08 दिनांकः- 13.11. 2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि हि0प्र0 सिविल सप्लाई को सीमेंट खरीदने हेतु किये गये अग्रिम भुगतान राशि के समायोजन से संबंधित अभिलेख को तैयार कर लिया जाएगा तथा अधिक भुगतान से संबंधित हि0प्र0 सिविल सप्लाई चैतरू से पत्राचार करने उपरान्त इसका समायोजन कर लिया जाएगा।

अतः मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके तथा नियमानुसार अग्रिम समायोजन रजिस्टर को भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि के दौरान

किये गए अग्रिम भुगतानों के सम्बन्ध में भी नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10 राशि ₹5.72 लाख के निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओ को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

चयनित मास 03/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹5,71,602/– के निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं/दिनांक/बिल संख्या,मस्टोल.सं0 | मास | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | निल/05.03.2024/मस्ट्रोल–4799,4800 | 03/2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार दुर्गा दास की जमीन से लेकर कुलदीप की जमीन की ओर सरूहली वार्ड–4 | 28448 |
| 2.मनरेगा | निल/18.03.2024/मस्ट्रोलं –5116,5117 | 03/2024 | निर्माण कुल्ह व डंगा राजेश की जमीन की ओर वार्ड–1 | 13940 |
| 3.मनरेगा | निल/05.03.2024/मस्ट्रोल –4977,4978,5118,5118 | 03/2024 | निर्माण कुल्ह व डंगा नौड खडड से राजेश की जमीन की ओर वार्ड–1 | 52360 |
| 4.मनरेगा | निल/05.03.2024/मस्ट्रोल –4803,4803,4804 | 03/2024 | निर्माण कुल्ह कृष्ण चन्द की जमीन से लेकर खडड तक वार्ड–5 | 48384 |
| 5.मनरेगा | निल/05.03.2024/मस्ट्रोल –4805,4806,5124 | 03/2024 | निर्माण कुल्ह प्रकाश चन्द के घर से ओम प्रकाश की जमीन की ओर वार्ड–6 | 47368 |
| 6.मनरेगा | निल/05.03.2024,18.03.2024/ मस्ट्रोल –4810,4811,5122,5123 | 03/2024 | नवीनीकरण कुल्ह मैन डंगे से नीचे की ओर वार्ड–3 | 73920 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7.मनरेगा | निल / 05.03.2024,18.03. 2024 / मस्ट्रोल – 4807,4808,5126,5127 | 03 / 2024 | निर्माण चैक डैम / कूल्ह सरूहली खडड नजदीक कान्ता देवी की जमीन वार्ड–3 | 59940 |
| 8.मनरेगा | निल / 05.03.2024,18.03. 2024 / मस्ट्रोल – 4809,5128 | 03 / 2024 | नवीनीकरण कुल्ह राजेश कुमार की जमीन से मदन लाल की जमीन की ओर वार्ड–1 | 8940 |
| 9.मनरेगा | निल / 18.03.2024 / मस्ट्रोल –5151,5132 | 03 / 2024 | नवीनीकरण कुल्ह शिव मन्दिर से लेकर विक्रम जीत की जमीन की ओर वार्ड–4 | 28380 |
| 10.मनरेगा | निल / 05.03.2024 / मस्ट्रोल –4812 | 03 / 2024 | निर्माण पौधा रोपण विपन व विनोद की जमीन वार्ड–7 | 6048 |
| 11.मनरेगा | निल / 05.03.2024 / मस्ट्रोल –5037 | 03 / 2024 | निर्माण पौधा रोपण जोगिन्द्र सिंह स्पुत्र जैसी राम वार्ड–2 | 6048 |
| 12.मनरेगा | निल / 18.03.2024 / मस्ट्रोल –5130 | 03 / 2024 | पौधशाला हरिकृष्ण स्पुत्र अंनत राम की जमीन वार्ड–5 | 8736 |
| 13.मनरेगा | निल / 18.03.2024 / मस्ट्रोल –5139 | 03 / 2024 | पौधशाला प्रकाश चन्द की जमीन वार्ड–4 | 8736 |
| 14.मनरेगा | निल / 18.03.2024 / मस्ट्रोल –5134 | 03 / 2024 | पौधशाला विजय कुमार की जमीन वार्ड–5 | 10268 |
| 15.मनरेगा | निल / 05.03.24,18.03. 24 / मस्ट्रोल –4814,5135 | 03 / 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार विधि सिंह स्पुत्र रूप लाल की जमीन वार्ड–5 | 16800 |
| 16.मनरेगा | निल / 05.03.24,18.03. 24 / मस्ट्रोल –4815,5136 | 03 / 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार शुभ कुमार की जमीन वार्ड–1 | 11200 |
| 17.मनरेगा | निल / 05.03.24, / मस्ट्रोल –4816,4817,4818,4950 | 03 / 2024 | निर्माण जीप रोड मेन रोड से विक्रम सिंह की जमीन की ओर वार्ड–1 | 44800 |
| 18.मनरेगा | निल / 18.03.24 / मस्ट्रोल –5137,5138 | 03 / 2024 | निर्माण जीप रोड देश राज की जमीन से चन्द लाल की जमीन की ओर वार्ड–5 | 2200 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19.मनरेगा | निल / 01.03.24 / 104423 | 03 / 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नौड खडड में पुली से उपर की ओर वार्ड–4 | 49000 |
| 20.मनरेगा | निल / 01.03.24 / 104422 | 03 / 2024 | निर्माण कुल्ह मुल्ख राज के घर की ओर वार्ड–2 | 31360 |
| 21.मनरेगा | निल / 01.03.24 / 61 | 03 / 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार हरिचरण के घर के पास वार्ड–1 | 14726 |
| | | | **कुल योग** | **571602** |

उक्त निर्माण कार्य की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत झियोल से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 540 दिनांकः–12.11.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–08 दिनांकः–13.11.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि माप पुस्तिकाओं को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः संबंधित माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत न कर पाने का नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101(2)(iii) की अनुपालना सुनिश्चित करते हुये अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

## 11. संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹14.84 लाख का अनियमित भुगतान करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1 तथा 2) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बन्धित बिल / वाउचर पर पंचायत प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से भुगतान आदेश नियमानुसार पारित न किया गया हो।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 03 / 2024 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹14,83,993.67 / – का भुगतान किया गया था ,जोकि अनियमित व आपतिजनक है तथा उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है।
